अन्दर होकर मुरलिया ब्लॉक के चालु खनन पीट के नजदीक होकर डेन्जर जोन में है, इसे खनन कार्य हेतु ली जाना आवश्यक है। खनन पट्टा क्षेत्र आठ ग्रामों की सीमाओं में निम्बाहेडा, ईशाकपुरा, अहीरपुरा, बोराखेडी, लक्ष्मीपुरा, फाचर अहिरान एवं मांगरोल ग्राम की सीमा में स्थित होकर संलग्न खसरा मानचित्र में **A', B', C', D', E, F, G, H, I', J', K', L** बिन्दुओं के मध्य स्थित है।

खनन क्षेत्र की सीमा में स्थित आराजी अप्रार्थी संख्या 1 भंवरलाल पिता हजारीलाल अहीर निवासी फाचर अहिरान के नाम पर ग्राम फाचर अहिरान की वर्तमान जमाबंदी खाता संख्या 109 में उल्लेखित कृषि भूमि के आराजी संख्या 731 रकबा 0.25 हैक्टेयर, दर्ज रिकार्ड है होकर अप्रार्थी संख्या 2 बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मांगरोल के रहन दर्ज है। उक्त भूमि खदान के लीज क्षेत्र के मध्य होने से इसे आवश्यक रूप से खनन कार्य हेतु सरफेसरेन्ट पर ली जाना जरूरी है। खसरा मानचित्र के अनुसार उक्त भूमि अप्रार्थीगणों के खाते एवं कब्जे काश्त में रहने पर प्रार्थी द्वारा खनन कार्य करना असम्भव है। भूमि प्रार्थी कम्पनी के स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र में होने से प्रार्थी कम्पनी को उक्त भूमि नियमानुसार खनन कार्य के लिए आवश्यकता है। जिसे धारा 89 में ली जाने वाली भूमि को खसरा मानचित्र में लाल रंग से दर्शायी गई है। प्रार्थी कम्पनी नियमानुसार मुआवजा राशि व सोलिशियन राशि का भुगतान करने को तैयार है। आवेदित भूमि में से खातेदारों ने अपने-अपने हिस्से की भूमि पर बैंक लोन लिये जाने से विपक्षी संख्या 2 को भी पक्षकार बनाया गया है। अन्त में प्रार्थना की गई कि प्रार्थी कम्पनी की और से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत है जिसे स्वीकार फरमाया जाकर प्रार्थना पत्र में उल्लेखित ग्राम फाचर अहिरान तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ में स्थित विपक्षी संख्या 1 की कृषि भूमि कुल किता 1 कुल क्षेत्रफल 0.25 हैक्टेयर भूमि को नियमानुसार मुआवजा प्रदान कराते हुए बिलानाम सरफेसरेन्ट पर खनन प्रयोजनार्थ दिलाई जाने का आदेश प्रदान करावें।

इस पर प्रार्थी कम्पनी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र के तलब किया गया। उप पंजीयक निम्बाहेडा को उक्त ग्राम की सिंचित/असिंचित कृषि भूमि की सडक के पास अथवा दूर आबादी से पास एवं दूर की प्रचलित बाजार दरे प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये एवं तहसीलदार निम्बाहेडा को आराजीयात जैरबहस के संबंध में आबादी से दूरी की स्थिति, भूमि में स्थित संरचना, निर्माण, वृक्ष, पत्थर कोट आदि की मौका रिपोर्ट उभयपक्षकारान की उपस्थिति में तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये।

दिनांक 17.11.2021 को अप्रार्थी संख्या 1 की और से अधिवक्ता बीआर धाकड हाजिर आये अधिकार पत्र पेश किया जो शामिल पत्रावली हैं। दिनांक 20.04.2022 को अप्रार्थी संख्या 2 के विरूद्ध कार्यवाही एक तरफा अमल में लाई गई।

प्रकरण में उप-पंजीयक निम्बाहेडा द्वारा पत्रांक/पंजीयन/2021/408 दिनांक 30.11.2021 से एवं पत्रांक/पंजीयन/2022/257 दिनांक 13.07.2022 ग्राम फाचर अहिरान तहसील निम्बाहेडा की कृषि भूमि की वर्तमान प्रचलित बाजार दर प्रति हैक्टेयर प्रस्तुत की गई जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। तहसीलदार

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निम्बाहेडा द्वारा पत्रांक/राजस्व/2021/1254 दिनांक 09.12.2021 एवं पत्रांक/राजस्व/2022/2147 दिनांक 13.12.2022 से प्रकरण में मौका रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। प्रकरण में आराजीयात की प्रचलित बाजार दर उप–पंजीयक निम्बाहेडा से पुनः प्राप्त की गई। इस पर उप-पंजीयक निम्बाहेडा द्वारा पत्रांक/पंजीयन /2023/178 दिनांक 23.08.2023 से प्राप्त हुई है जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड है।

दिनांक 11.07.2023 को अप्रार्थी संख्या 1 का जवाब प्रार्थना पत्र बंद किये जाने का आदेश दिया गया। दिनांक 25.07.2023 को अधिवक्ता विपक्षी हाजिर नहीं रहे। इस पर अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रकरण का निस्तारण गुणावगुण पर किये जाने की ईशतदुआ की। इस पर हाजिर अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा की की गई बहस पत्रावली को एक तरफा सुना गया। अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं बताया कि

प्रार्थी कम्पनी को सीमेन्ट उत्पादन करने हेतु राजस्थान सरकार के खनन विभाग के आदेश से बीस वर्ष के लिए वैध थी। उसके बाद कार्यालय सहायक खनि–अभियंता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग, निम्बाहेडा से एम.एम.डी.आर. की धारा 8 ए में किये गये संशोधन अनुसार खनन पट्टे की अवधि वृद्धि दिनांक 31.03.2030 तक बढ़ा दी गई है। जो कि चूना–पत्थर खदान निम्बाहेडा–अहीरपुरा (मुरलिया ब्लॉक) के नाम से 652.3125 हैक्टेयर भू–क्षेत्र का खनन पट्टा स्वीकृत शदुा है। जिसकी संविदा पंजीयन दिनांक 10.07.2002 को हुआ। वांछित भूमि खनन पट्टे की लीज सीमा के अन्दर होकर मुरलिया ब्लॉक के चालु खनन पीट के नजदीक होकर डेन्जर जोन में हैं, इसे खनन कार्य हेतु ली जाना आवश्यक है।

खनन क्षेत्र की सीमा में स्थित आराजी अप्रार्थी संख्या 1 की कृषि भूमि के आराजी संख्या 731 रकबा 0.25 हैक्टेयर, दर्ज रिकार्ड हैं, उक्त भूमि खदान के लीज क्षेत्र के मध्य होने से इसे आवश्यक रूप से खनन कार्य हेतु सरफेसरेन्ट पर ली जाना जरूरी है। खसरा मानचित्र के अनुसार उक्त भूमि अप्रार्थी के खाते एवं कब्जे काश्त में रहने पर प्रार्थी द्वारा खनन कार्य करना असम्भव है। भूमि प्रार्थी कम्पनी के स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र में होने से प्रार्थी कम्पनी को उक्त भूमि नियमानुसार खनन कार्य के लिए आवश्यकता है। जिसे धारा 89 में ली जाने वाली भूमि को खसरा मानचित्र में लाल रंग से दर्शायी गई है। प्रार्थी कम्पनी नियमानुसार मुआवजा राशि व सोलिशियन राशि का भुगतान करने को तैयार है। आवेदित भूमि में से खातेदारों ने अपने–अपने हिस्से की भूमि पर बैंक लोन लिये जाने से विपक्षी संख्या 2 को भी पक्षकार बनाया गया है। अतः प्रार्थना है कि प्रार्थी कम्पनी की और से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हैं जिसे स्वीकार फरमाया जाकर प्रार्थना पत्र में उल्लेखित ग्राम फाचर अहिरान तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ में स्थित विपक्षी संख्या 1 की कृषि भूमि कुल किता 1 कुल क्षेत्रफल 0.25 हैक्टेयर भूमि को नियमानुसार मुआवजा प्रदान कराते हुए बिलानाम सरफेसरेन्ट पर खनन प्रयोजनार्थ दिलाई जाने का आदेश प्रदान करावें।

इसी ईशतदुआ के साथ विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस पत्रावली समाप्त की। हमने पत्रावली का आद्योपांत

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

